आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.09.2019

नवनियुक्त महाप्रबंधक आरेडिका श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने कारखाना व आवासीय परिसर का किया निरीक्षण

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के नवनियुक्त महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने आज आरेडिका, अधिकारियों के साथ बैठक व कारखाना का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता अनूप कुमार भी साथ रहें ।

कारखाना निरीक्षण से पहले महाप्रबंधक सभागार में बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में आरेडिका के सभी विभागाध्यक्षों के साथ गहन रुप से विचार विमर्श किया और कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यों का विस्तृत रुप से जानकारी ली साथ ही आरेडिका से संबंधित प्रस्तुति महाप्रबंधक के समक्ष प्रस्तुत की गयी। प्रधान एवं विभागाध्यक्षों के साथ इस बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया कि आरेडिका टीम सामूहिक प्रयास से रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2019–20 के लिए दिये गए निर्धारित 2158 डिब्बों के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध हों। उन्होंने कोच विनिर्माण की गुणवत्ता, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा पर भी विचार विमर्श किया।

महाप्रबंधक आरेडिका ने आवसीय परिसर में कर्मचारियों के लिए उपलब्ध संसाधनों का भी निरीक्षण किया। आरेडिका कर्मचारियों की सुविधाओं के लिए हो रहे आवास, स्पोटर्स कॉम्पलेक्स, शॉपिंग कॉम्पलेक्स आदि के निर्माण के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान आरेडिका के पीसीई आर. बी. यादव, पीसीपीओ अजय कुमार श्रीवास्तव, सहित अन्य विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

अमित 24/09/19

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी